rspcb

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
4, पर्यावरण मार्ग, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।

फोन न0 0141 - 5159607, 5159648, फेक्स नं0 0141 - 5159665

प्रेस विज्ञप्ति

जयपुर, 5 जून, 2014, विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर पर्यावरण के प्रति जनमानस में जागरूकता एवं सहभागिता की भावना को जाग्रत करने के उद्देश्य से इस वर्ष भी पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल एवं वन विभाग द्वारा अन्य विभागो के सहयोग से विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

राजधानी जयपुर में **प्रातः 6.30 बजे "रन फॉर एनवायरमेन्ट"** रैली का अलबर्ट हाल रामनिवास बाग से शुभारम्भ किया जाएगा। "रन फॉर एनवायरमेन्ट" रैली अलबर्ट हॉल, रामनिवास बाग से प्रारम्भ होकर न्यू गेट, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, किशनपोल, अजमेरी गेट, एम.आई.रोड यादगार के सामने से होती हुई रामनिवास बाग के पश्चिम द्वार (एम.जी.डी. स्कुल के सामने) से रामनिवास बाग में प्रवेश होकर चिड़ियागर के पास पहुँच कर समाप्त होगी।

"साइकिल रैली" भी प्रातः 6:30 बजे रामनिवास बाग से प्रारम्भ होकर जे. एल. एन मार्ग होती हुई जयपुर डेयरी, सरस पार्लर पर समाप्त होगी।

दोनों रैलियों में राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन, एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, सेना व पुलिस के जवान, एन.सी.सी. के कैड्टिस, भारत स्काउट एवं गाइड्स के छात्र-छात्राएं, अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के छात्र, एन.जी.ओ एवं जयपुर शहर के आमजन भी भाग लेगें।

पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जन आन्दोलन बनाने हेतु पर्यावरण विभाग तथा राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के सहयोग से राजस्थान फोरम एवं पीपुल्स मीडिया थियेटर द्वारा गुरूवार 5 जून 2014 को **सायःकाल 7:15 बजे रविन्द्र मंच** (रामनिवास बाग) पर पेडों को बचाने के लिए प्राण देने वाले 363 शूरवीरों के बलिदान की महागाथा का एक संगीतमय नाटक **''खेजडी की बेटी''** श्री अशोक राही के निर्देशन में मंचन होगा।

श्रीमति अपर्णा अरोरा, अध्यक्ष, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जयपुर शहर के आम जनों से अधिक से अधिक संख्या में "रन फॉर एनवायरमेन्ट" व "साइकिल रैली" में भाग लेने की अपील की है।

दिनांक 4 जून 2014

(डॉ डी.एन.पाण्डेय)
सदस्य सचिव

श्रीमान प्रमुख सम्पादक महोदय,

....

....

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,

4, पर्यावरण मार्ग, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।

फोन न0 0141 - 5159607, 5159648, फेक्स नं0 0141 - 5159665

एफ 14 (12)रा.प्र.नि.म./वि.प.दि.-10/योजना/ दिनांक

श्रीमान प्रमुख सम्पादक महोदय,

....

....

विषयः- विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून, 2014 पर आयोजित ''रन फॉर एनवायरमेंट, एवं साईकिल रैली, को कवरेज करने के संबंध मे।

महोदय,

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पर्यावरण विभाग, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल एवं वन विभाग द्वारा 5 जून 2014, विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। यूनाइटेड नेशन्स एनवायरमेन्ट प्रोग्राम (यू.एन.ई.पी.) द्वारा इस वर्ष का स्लोगन **''Raise your voice not the sea level''** निश्चित किया गया है । इस अवसर पर पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

राजधानी जयपुर में **प्रातः 6.30 बजे ''रन फॉर एनवायरमेन्ट''** रैली का अलबर्ट हाल रामनिवास बाग से शुभारम्भ किया जाएगा। ''रन फॉर एनवायरमेन्ट'' रैली अलबर्ट हॉल, रामनिवास बाग से प्रारम्भ होकर न्यू गेट, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, किशनपोल, अजमेरी गेट, एम.आई.रोड यादगार के सामने से होती हुई रामनिवास बाग के पश्चिम द्वार (एम.जी.डी. स्कुल के सामने) से रामनिवास बाग में प्रवेश होकर चिड़ियागर के पास पहुँच कर समाप्त होगी।

''साइकिल रैली'' भी प्रातः 6:30 बजे रामनिवास बाग से प्रारम्भ होकर जे. एल. एन मार्ग होती हुई जयपुर डेयरी, सरस पार्लर पर समाप्त होगी।

दोनों रैलियों में राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन, एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, सेना व पुलिस के जवान, एन.सी.सी. के कैड्टिस, भारत स्काउट एवं गाइड्स के छात्र-छात्राएं, अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के छात्र, एन.जी.ओ एवं जयपुर शहर के आमजन भी भाग लेगें।

पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जन आन्दोलन बनानें हेतु पर्यावरण विभाग तथा राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के सहयोग से राजस्थान फोरम एवं पीपुल्स मीडिया थियेटर द्वारा गुरूवार 5 जून 2014 को **सायःकाल 7:15 बजे रविन्द्र मंच** (रामनिवास बाग) पर पेडों को बचाने के लिए प्राण देने वाले 363 शूरवीरों के बलिदान की महागाथा का एक संगीतमय नाटक **''खेजडी की बेटी''** श्री अशोक राही के निर्देशन में मंचन होगा।

आपसे अनुरोध है कि आप उक्त कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर पर्यावरण एवं वन संरक्षण के प्रति अपने समर्पण की भावनाओं को व्यक्त करने के लिए अपने चैनल पर पटिका चलाने का श्रम करें। आपसे यह भी अनुरोध है कि उक्त समस्त कार्यक्रमों का सम्पूर्ण कवरेज अपने समाचार पत्र/इलेक्ट्रोनिक न्यूज मीडिया प्रभारी को निर्देशित करने का श्रम करें, जिससे वन एवं पर्यावरण के संरक्षण हेतु जन जागरूकता पैदा हो सकें।

भवदीय,

(डॉ. डी.एन.पाण्डेय)

सदस्य सचिव